दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-287
मुरादाबाद
08 February 2025
(Saturday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## राष्ट्रपति मुर्मू ने महासभा प्रमुख यांग से की मुलाकात, कहा- यूएनएससी में तत्काल सुधार जरूरी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) और अन्य महत्वपूर्ण बहुपक्षीय निकायों में जल्द व्यापक सुधार जरूरी हैं, ताकि आज की वैश्विक स्थिति को सही तरीके से प्रतिबिंबित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। मुर्मू ने यांग का स्वागत करते हुए कहा कि 2025 में विकास के लिए वित्त पोषण पर चौथा सम्मेलन और तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन जैसे महत्वपूर्ण संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। मुर्मू ने यांग को इन सभी मंचों पर भारत की सक्रिय और रचनात्मक भागीदारी का आश्वासन दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने यूएनएससी समेत प्रमुख बहुपक्षीय निकायों में शीघ्र और व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने यांग द्वारा सतत विकास के लिए विज्ञान और डाटा-संचालित दृष्टिकोण पर जोर देने और उनके समावेशी दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क में आयोजित भविष्य के शिखर सम्मेलन में 'भविष्य के लिए समझौता' को अपनाने में उनके नेतृत्व की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' के दर्शन से प्रेरित होकर संयुक्त राष्ट्र समेत 'वैश्विक दक्षिण' के हितों की रक्षा करना जारी रखेगा। 'वैश्विक दक्षिण' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील या कम विकसित समझा जाता है। दोनों नेताओं ने भारत और कैमरून के बीच घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों खासकर पिछले कुछ वर्षों में लगातार बढ़े विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर भी चर्चा की। यांग कैमरून के एक राजनीतिज्ञ हैं। मुर्मू ने कहा कि भारत का अफ्रीका के साथ विशेष संबंध है और 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान ही अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में समूह में शामिल किया गया था।

## राहुल गांधी बोले- नई उर्जा प्रणाली की ओर आगे बढ़ रही दुनिया, पुरानी आर्थिक सोच में फंसा हुआ है भारत



राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया नई ऊर्जा प्रणाली की ओर बढ़ रही है, लेकिन भारत अपनी पुरानी आर्थिक सोच में फंसा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह सोच रिलायंस और अदाणी जैसी कंपनियों द्वारा नियंत्रित है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया एक नई उर्जा प्रणाली की ओर बढ़ रही है, जहां इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरियां और उपकरण सबसे महत्वपूर्ण तकनीकें होंगी। लेकिन भारत अपनी पुरानी आर्थिक सोच में फंसा हुआ है, जो रिलायंस और अदाणी जैसी कंपनियों के एकाधिकार द्वारा नियंत्रित है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब सत्ता कुछ हाथों में केंद्रित नहीं रहती, चाहे वह व्यापार में हो या सरकार में, तो यह सब कुछ बदल देती है। राहुल गांधी ने नगालैंड के छात्रों के साथ हालिया बातचीत पर अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो के साथ एक पोस्ट में यह टिप्पणी की। कांग्रेस सांसद ने कहा, मैंने हाल ही में नगालैंड के छात्रों से बात की और महसूस किया कि हमें उनकी संस्कृति के बारे में बहुत कम सिखाया जाता है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर भारत को देश के दृष्टिकोण और विकास में और अधिक केंद्रीय स्थान पर होना चाहिए।उन्होंने कहा, दुनिया एक नई उर्जा प्रणाली की ओर बढ़ रही है, जहां इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरियां और उपकरण सबसे महत्वपर्ण तकनीकें होंगी। भारत पुरानी आर्थिक सोच में फंसा हुआ है, जो रिलायंस और अदाणी जैसी कंपनियों द्वारा नियंत्रित है। हमारी नीतियां अब भी जीवाश्म ईंधन को प्राथमिकता देती हैं, जबकि चीन और अमेरिका ईवी, एआई और बैटरी तकनीक में आगे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, यह सिर्फ एक आर्थिक बदलाव नहीं है, बल्कि यह एक ताकत का बदलाव है। कारों को ही लीजिए। पारंपरिक इंजन केंद्रीकृत शक्ति स्त्रोत होते हैं, लेकिन ईवी में शक्ति विकेंद्रीकृत होती है-बैटरियां और मोटर पूरे डिजाइन को नया रूप देती हैं। यही प्रक्रिया उर्जा और उद्योग में भी हो रही है। उन्होंने कहा, जब ताकत कुछ के हाथों में केंद्रित नहीं रहती, चाहते वह व्यापार हो या सरकार, तो यह हमारी अर्थव्यवस्था, राजनीति और यहां तक कि युद्ध की प्रकृति, सबकुछ बदल देती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा, हमें इन पर विश्वविद्यालयों चर्चा करनी चाहिए, क्योंकि हम एक बड़े बदलाव के कगार पर हैं। अगर हम खुद को नहीं ढालेंगे, तो हम न केवल उद्योग के क्षेत्र में पिछड़ जाएंगे, बल्कि भविष्य पर अपना नियंत्रण भी खो देंगे। इसे आकार देने के लिए पहला कदम इसे समझना है। वीडियो में छात्र राहुल गांधी को बताते हैं कि वह अपनी शक्ल-सूरत के कारण नस्लवाद का सामना करते हैं। इस पर राहुल गांधी कहते हैं कि यह अज्ञानता का परिणाम है।

### संक्षिप्त समाचार

### गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने संगम में लगाई डुबकी, श्री बड़े हनुमानजी के दरबार में लगाई हाजिरी

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संग में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने मां गंगा का पूजन करने के बाद संगम तट पर स्थित श्री बड़े हनुमानजी का दर्शन किया।महाकुंभ में उमड़ रहे आस्था के जनसमुद्र के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी श्रद्धा की डुबकी लगाने पहुंचे। संगम त्रिवेणी में स्नान करने के बाद उन्होंने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुंभ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की

## देश में 14 करोड़ से ज्यादा महिलाओं की स्तन कैंसर जांच हुई, लोकसभा में बोले स्वास्थ्य मंत्री नड्डा



सरकार ने साल 2018 में गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की जांच और प्रबंधन और मरीजों की निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल की शुरुआत की थी।केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया कि देश में 14 करोड़ से ज्यादा महिलाओं की स्तन कैंसर की जांच की गई है। जांच के दौरान 57,184 महिलाओं में इस बीमारी का पता चला, जिनमें से 50,612 का इलाज चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल के आंकड़ों का हवाला देते हुए ये भी बताया कि देश में नौ करोड़ से अधिक महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई है। जिनमें से 96,747 महिलाओं में इस बीमारी का पता चला और 86,196 का इलाज चल रहा है।सरकार ने साल 2018 में गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की जांच और प्रबंधन और मरीजों की निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय एनसीडी पोर्टल की शुरुआत की थी। एनसीडी बीमारियों में उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियां शामिल हैं। इस पोर्टल का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्धन, शीघ्र निदान, प्रबंधन और उचित स्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफरल पर ध्यान केंद्रित करना था। इस कार्यक्रम के तहत, देश भर में 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 233 कार्डियक केयर यूनिट (सीसीयू), 372 जिला डे केयर सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 6410 एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने शुक्रवार को लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में बताया कि देशभर में 2450 बाल देखभाल संस्थान हैं और उनमें से 199 में विशेष जरूरत वाले बच्चों की देखभाल की जाती है। उन्होंने बताया कि 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए कोई संस्थान नहीं है। ठाकुर ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत देश भर में बाल देखभाल संस्थान और विशेष जरूरत देखभाल केंद्र काम कर रहे हैं। मिशन वात्सल्य के दिशा-निर्देशों के अनुसार, 50 बच्चों की क्षमता वाले सीसीआई में विशेष जरूरतों वाले 10 बच्चों के लिए एक विशेष इकाई हो सकती है। इसी तरह, 25 बच्चों की क्षमता वाले सीसीआई में पांच बच्चों के लिए एक विशेष इकाई हो सकती है। महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, गुजरात और ओडिशा उन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल हैं, जिनके पास विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए कोई सीसीआई नहीं है।महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने भीख मांगने की रोकथाम के लिए विभिन्न अधिनियम बनाए हैं। एक अन्य सवाल का उत्तर देते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि दिसंबर 2024 के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 5 वर्ष तक की आयु के केवल 7.50 करोड़ बच्चे ही आंगनवाड़ी में नामांकित हैं और पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत हैं। इनमें से 7.18 करोड़ बच्चों की ऊंचाई और वजन के विकास मापदंडों पर माप की गई। इनमें से 39.68 प्रतिशत बच्चे बौने, 17.22 प्रतिशत कम वजन वाले और 5.5 प्रतिशत कमजोर पाए गए।

## अजय राय ने सरकार को घेरा, बोले- महाकुंभ में मरने वालों की सूची जारी हो, घायलों के बारे में भी बताए सरकार



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मरने वालों की सूची जारी हो। सरकार घायलों के बारे में भी बताए।यूपी की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रेस वार्ता की। इसमें उन्होंने कहा कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु सरकार ने मानी है। उसी दिन पुलिस निरीक्षक अंजनी कुमार रॉय की मौत हुई है। इस मौत को पुलिस नकार रही है। कुंभ मेला पुलिस ने पांच फरवरी को ट्वीट किया था। इसमें मौत की वजह भगदड़ नहीं बल्कि दूसरी वजह बताई है। सवाल यह है कि अपने ही उप निरीक्षक की मौत को सरकार क्यों नकार रही है। पुलिस की डायरी में 29 को सुबह 12.30 बजे दर्ज किया है कि उनकी ड्यूटी महाकुंभ में थी और मौत की बात लिखी गई है। जब सरकार अपने ही उप निरीक्षक की मौत को दबा रही है तो आम आदमी का अंदाजा लगाया जा सकता है। इससे स्पष्ट है कि महाकुंभ में बड़ी संख्या में मौत हुई है।

सरकार सूची जारी करे।उन्होंने कहा कि उप निरीक्षक की मौत पर कोई अधिकारी मौके पर नहीं गया। जब पांच को मै वहां पहुंचा तो छह को एस पी मौके पर पहुंचे।। यह सरकार की संवेदनहीनता है। जब सरकार अपनी पुलिस को लेकर गंभीर नहीं है तो अन्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि 2019 में कुंभ का बजट 1300 करोड़ था जो अब 7500 करोड़ कर दिया गया। खास बात यह है कि भगदड़ के बाद एक भी टोल फ्री नंबर जारी नहीं किया गया। कुंभ में लापता, घायलों की कोई सूची जारी नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका से लाए गए लोगों के साथ अमानवीयता की गई है। लोगो को खाने के लिए बेड़ियां नहीं खोली गई। भारत के लोग पूरी दुनिया में हैं लेकिन आज सब अपमान महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोलंबिया की सरकार ने अपने नागरिकों को सम्मान बुलाया लेकिन भारत के पीएम यह नहीं कर पाए। इस मौके पर यह लोग रहे मौजूद- भारत के लोग जिस तरह से लाएं गए यह सिर्फ उनका अपमान नहीं है। बल्कि पूरे देश की जनता का अपमान है। अमेरिका की एजेंसी ने खुद फोटो जारी किया है। हम इसकी निंदा करते हैं। दिल्ली चुनाव पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम शून्य से आगे बढ़ रहे हैं। जनता हमारे साथ है। इस दौरान प्रवक्ता मनीष हिंदवी, पुनीत पाठक भी मौजूद रहे।

## चुनाव आयोग भाजपा का दास, पानी में डूबकर मर जाना चाहिए, AAP नेता सोमनाथ भारती का बयान



आम आदमी पार्टी के विधायक और मालवीय नगर से पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा कि महाराष्ट्र सहित कई राज्यों का अनुभव बताता है कि भाजपा इसी तरह विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सरकार बनाती है। वह दिल्ली में भी इसी तरह का प्रयास कर रही है।दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणाम 8 फरवरी को आएंगे। इसके ठीक एक दिन पहले यानी शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं, विधायकों-प्रत्याशियों की बैठक बुलाई। केजरीवाल ने बैठक में अपने सभी नेताओं, विधायकों-प्रत्याशियों को मतगणना के दौरान पूरी सतर्कता के साथ मतगणना केंद्र पर डटे रहने का निर्देश दिया है। ज्यादातर एग्जिट पोल के भाजपा के पक्ष में होने के बाद भी आम आदमी पार्टी नेताओं को भरोसा है कि वे चौथी बार भी दिल्ली में सरकार बनाने में सफल रहेंगे। आप नेताओं का मानना है कि एक्जिट पोल में बढ़त दिखाकर भाजपा विधायकों की खरीद-फरोख्त को सही ठहराने की कोशिश कर रही है, लेकिन पार्टी नेताओं ने दावा किया है कि उनका एक भी विधायक-प्रत्याशी नहीं टूटेगा। आम आदमी पार्टी के विधायक और मालवीय नगर से पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा कि महाराष्ट्र सहित कई राज्यों का अनुभव बताता है कि भाजपा इसी तरह विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सरकार बनाती है। वह दिल्ली में भी इसी तरह का प्रयास कर रही है। लेकिन दिल्ली में भाजपा की यह कोशिश न पहले सफल हुई थी, न अब होगी। उन्होंने कहा कि वे एक बार फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल रहेंगे। भारती ने कहा कि उनकी पार्टी के कई नेताओं के पास फोन करके उन्हें सरकार बनने के बाद 15 करोड़ रुपये देने और मंत्री बनाने का लालच दिया जा रहा है। इसका अर्थ बहुत साफ है कि भाजपा को चुनाव में बहुमत नहीं मिल रहा है। वह अभी से बहुमत के आंकड़े तक पहुंचने के लिए लोगों से संपर्क कर रही है। लेकिन उनके विधायक-प्रत्याशी बिकाऊ नहीं हैं और उनकी पार्टी का एक भी विधायक नहीं टूटेगा। क्या मतगणना में धांधली हो सकती है?-आम आदमी पार्टी के कई नेता लगातार चुनाव आयोग पर अंगुली उठा रहे हैं। क्या उन्हें इस बात की आशंका है कि मतगणना के दौरान भी किसी तरह की गड़बड़ी की जा सकती है? अमर उजाला के इस प्रश्न पर सोमनाथ भारती ने कहा कि चुनाव आयोग उनका (भाजपा का) दास है। वे ऑन रिकॉर्ड यह बात कह रहे हैं। उन्हें इस बात की आशंका है कि मतगणना के दौरान भी गड़बड़ी करने की कोशिश की जा सकती है। लेकिन वे ऐसा होने नहीं देंगे।


## संपादकीय Editorial

# PM's repeat speech

Prime Minister Modi gave a political reply to the motion of thanks on the President's address and targeted the opposition. It is a parliamentary tradition that at the center, the President gives a speech on the policies and programs of the current government and in the states, this role is played by the Governor. The speech is written by the government officials, so the address of MPs or MLAs is completely political. In his speech of about 95 minutes, Prime Minister Modi made several counter-attacks on the opposition like the Gandhi family, Kejriwal and Akhilesh Yadav, took a jibe and also raised old, irrelevant issues. The Prime Minister mentioned the mutual relations between John F. Kennedy, who was the President of America during 1961-63, and India's first Prime Minister Jawaharlal Nehru and advised to read a book written on Kennedy. Numerous books have been written on Kennedy, the 35th President of America, but what is the relevance of Kennedy-Nehru relations today? This is the era of Modi-Trump. Why should our failures during the India-China war of 1962 be repeated today? Of course, China has occupied more than 38,000 square kilometers of Indian land. That is the result of the China war. Defense Minister Rajnath Singh has also given a statement on this aspect. Then what is the relevance of this book, in which the foreign policy of the then Prime Minister Nehru was criticized. It was also mentioned that Nehru could not understand the war with China. India's forces were not prepared at all. Kennedy had warned Nehru about China, but Nehru did not take it seriously. All these are references from about 63 years ago. The Modi government has been working for the last 11 years. Today, there is a trade of billions of dollars between India and China, and militarily both the countries are also rivals. In Ladakh, thousands of Indian soldiers stood guard in front of the Chinese soldiers, ultimately the armies had to compromise on retreat. This is today's important reality. If Prime Minister Modi thought it appropriate, he could have answered the questions that some opposition MPs, including Leader of Opposition Rahul Gandhi, had raised in the context of the President's address. He could have dismissed them as baseless. The country has heard these figures from the Prime Minister many times that the Modi government has provided tap water to 12 crore households, implemented the Ujjwala scheme, deposited 40 lakh crore rupees directly into the accounts of the people, saved 3 lakh crore rupees from going into the wrong hands by deleting the names of 10 crore fake beneficiaries, fixed the infrastructure budget at 11 lakh crore rupees, India is the 5th largest economy in the world today, deposited 3.5 lakh crore rupees into the accounts of farmers and increased the agriculture budget 10 times in 10 years. This list is very long. Of course, we are moving ahead with the resolution of a 'developed India', but now there really should not be 'poisonous politics'. The Prime Minister should also not be seen repeating it.

# Language errors in legal documents, a hindrance to justice and communication, we have to come out of the linguistic ravine

The article highlights language errors and complexities in police reports and other legal documents in Himachal Pradesh. Due to excessive use of Urdu words and lack of pure Hindi, common people have difficulty understanding these documents. To solve this problem, the article suggests starting a language training program by the Police Training College, Deroh. "Tell me that at the time when the accident happened, you should have been teaching history class in your school. This is the school record as well. Then how were you standing at the samosa shop?" This was the question of the defense lawyer to the witness. The case was of a road accident. When asked repeatedly, the witness could not resist and said, "Sir, I was actually in school at that time, in the class. I had told all this to the police but the police said that your statement has been written. You just sign it… and I did it." Then what happened was that the bus driver who was accused of hitting someone, got saved. This happened because the statement on which the history lecturer was made to sign was handwritten by a police officer and secondly, his language was cooked in the pan of Persian, which had a tadka of Urdu. It was just a tadka, it was not completely Urdu. It had a very different, very distinct taste… that is, a large part was not understandable. In all this, the conversation went from 'I was taking a class in school' to 'I was standing at a samosa shop'. There is a terror of Chitta, that is, dangerous chemical drug, in Himachal Pradesh. Every day many reports are filed. Some are in English, some in Hindi but most of them are such that only two parties can pass the test of understanding them. The writer himself or the omniscient God. For example, 'A head constable along with his officials had left for patrolling and finding clues within the area…' Further, he has told how Chitta was recovered from the scooty. The question is not which language it is. Language is not simple or difficult, its usage is correct or incorrect. In the above line, words like ilaaka, gaasht, baraay etc. are wrong. It is neither Hindi nor Urdu. The difference between B and V, S and Sh is completely absent. The recovered object is written as varamda vastu. In a state where freedom from the British Police Act was made in 2007 by making its own Police Act, in a country where the Indian Judicial Code, Civil Defence Act or Evidence Act smells of Swadeshi, why is there so much fascination for expressions that were once the language of the courts? Those who find Hindi complex and complex, do they know about ja-e-bakua i.e. crime scene? There is nothing like this in the Consumer Protection Act. It is accepted as such, because there was no need to call it Grahak Tahaffuz Kanoon. A top officer of Himachal Pradesh Police believes that earlier all reports were written by hand and a few words in Urdu were enough, so this readymade language was adopted. He believes that there should be improvement in this. States like Uttar Pradesh have done good work in this direction. Himanshu Mishra, who was Inspector General of Police in Himachal Pradesh, says, 'It is not that efforts were not made to simplify the language, but they did not bear fruit. Urdu words are still in vogue at the police station level, which the common man has difficulty understanding. In writing a simple report, a lot of such words are used which are beyond the understanding of the complainant. Almost the same is the condition of the Revenue Department. The desire to maintain the status quo is very strong, so there is opposition to change and reform.' The fault is not of the police personnel, they have been molded into a routine. The same is the condition of the language of the revenue and the court. Videos of hearings in many courts come on the Internet media. It sounds good if good Hindi or English resonates. But if instead of calling a land donor a provider, he still has to write 'Dahindagan', then it is a different matter. Such a mixture in making and showing the language as colloquial creates confusion. If 'school' can be written as 'samosa', then how long will it take for 'Dahinda' to become 'darinda'. All this is in the state which has taken pride in being a Hindi speaking person. In the midst of changing the names of cities, why so much time has it taken to change the language which has been drawing a scary curtain between the people and the courts and police stations? As far as the police is concerned, this task can be done by the Police Training College, Deroh. If this college can train the investigating officers of Punjab Police on the basis of its efficiency, then it can also train its people in the language so that statements are written in an understandable language. I don't know about the revenue and the court, but the police can start this campaign with the help of language experts. The problem is that if there is an abundance of Urdu words, then Urdu is also not being written correctly. In such a situation, instead of the language, its remnants are found. How long will we carry those remnants in this ravine of expression?




# There is a need to stop playing with the quality of higher education, and correct the anomalies.

The academic world is plagued by casteism, regionalism, nepotism and nepotism. In the absence of contacts, relations and transactions, the most deserving candidates are ignored. This situation has to change. If higher education is to be saved, then the Indian Higher Education Service should be started on the lines of the Union Public Service Commission. All institutions receiving central grants should be brought under its purview. Recently, Union Education Minister Dharmendra Pradhan released Draft Regulation-2025 in the presence of University Grants Commission-UGC Chairman Prof. M. Jagdish Kumar. It is related to ensuring minimum qualifications for appointment and promotion of teachers and other academic personnel in higher educational institutions and their service conditions, teaching and research workload, professional code of conduct, etc. A time limit of one month has been given to stakeholders like teachers, academic administrators and students to respond to this draft. Till now, efforts are on to implement Regulation-2018 in the country. Therefore, this was an opportunity to correct the anomalies in UGC Regulation-2018. Long-term vision and policy continuity are extremely necessary in the higher education sector. A committee was formed several years ago to consider and resolve the anomalies/problems in Regulation-2018, but it is disappointing that no progress has been made in that direction till date. The said draft claims to protect and encourage talent, but there is no credible roadmap for it. In the draft regulation, the importance of undergraduate and postgraduate subjects in the appointment of teachers has been reduced and exemption has been given for appointment in subjects requiring PhD. This decision will increase chaos in the academic world. This will open the way for candidates who have studied in a particular subject to become teachers in other subjects. Giving an opportunity to students who have done four-year graduation to become teachers in colleges/universities will also reduce the academic quality. In Regulation-2018, a provision was made to make PhD mandatory to become a teacher in a university, because such teachers have to do more research work than teaching. Now, chapters of books have been given the status equivalent to research papers. This is worrying. No transparent, objective and fair policy has been made regarding giving importance to academic results of various academic examinations, research work and publications of the candidate and limiting the role of interview. The selection committee-centric appointment process has been distorted. The selection committee has been given the right to evaluate the candidate on the basis of vague and abstract standards, ignoring his academic achievements. Instead of objective and well-defined criteria related to academic achievements, the appointment process has been made selection committee-centric. It will be all-powerful from determining the quality of publications to the final selection. The academic world is plagued by casteism, regionalism, nepotism and nepotism. In the absence of contacts, relations and transactions, the most deserving candidates are ignored. This situation has to change. If higher education has to be saved, then Indian Higher Education Service should be started on the lines of Union Public Service Commission. All institutions receiving central grants should be brought under its purview. Advertisements should be issued once a year after seeking details of vacancies from all these institutions and written test and interview should be conducted simultaneously. In appointment, 50% surcharge should be given to written test, 30% surcharge to all academic achievements and 20% surcharge to interview. Successful candidates should be appointed on the basis of consolidated surcharge of their position in the merit list, preference given to college/university and their permanent place of residence etc. If any vacancy arises in the middle of the session, appointment should be made from the waiting list. There is also a need to centralize the appointment process of principals of all colleges receiving grants from UGC and vice-chancellors of all central universities. Provisions of social justice should also be followed in this process. In the draft regulation, there is also scope to select entrepreneurs, administration/police/army officers, managers of companies etc. apart from academicians as vice-chancellors. Instead, only experienced institution-builders in academic administration should be selected as Vice-Chancellors. Provision of a second term should be made for visionary Vice-Chancellors who develop the institution on the basis of performance review.

# मुरादाबाद में रिफिलिंग करने के दौरान गैस सिलेंडर फटा, मची अफरा-तफरी

मुरादाबाद- मुरादाबाद में नागफनी थाना क्षेत्र के झारखंडी मंदिर के पास गैस रिफिलिंग की दुकान में गैस के बड़े सिलेंडर से पांच किलो वाले छोटे सिलेंडर में गैस रिफिलिंग करते समय सिलेंडर फट



गया। इससे दुकान में आग लग गई। दुकान के अंदर 20 गैस सिलेंडर थे। इसके चलते बाजार में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते मौके पर दमकल की तीन गाड़िया पहुंच गईं। लगभग 50 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही की दुकान में रखे अन्य सिलेंडर आग की चपेट में आकर नहीं फटे, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। थाना क्षेत्र निवासी राजू पुत्र आले हसन की झारखंडी मंदिर के पास में गैस रिफिलिंग करने की दुकान है। यह बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में गैस रिफिलिंग करता है। शुक्रवार को लगभग 3 बजे के समय राजू पांच किलो वाले गैस सिलेंडर में रिफिलिंग कर रहा था। इसी बीच सिलेंडर में आग लग गई। राजू ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। इसके बाद पांच किलो वाला गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इससे आसपास के दुकानदारों व राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते थाना पुलिस दमकल की तीन गाड़ियों के साथ घटना स्थल पर पहुंच गई। दमकल की तीनों गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया है। दमकल विभाग अधिकारी फ़एसएसओ मोहित कुमार ने बताया कि गैस सिलेंडर रिफिलिंग दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी तत्काल तीन गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंचकर आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया है आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# तेज रफ्तार कार ने छात्राओं को मारी टक्कर, कई घायल...हिरासत में चालक

मुरादाबाद- सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार के गोल्डन गेट स्कूल के सामने एक तेज



रफ्तार कार ने शिर्डी साईं पब्लिक स्कूल की छह छात्राओं को टक्कर मार दी। घटना उस समय हुई जब छात्राएं स्कूल गेट के बाहर खड़ी थीं। घायल छात्राओं को विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो की हालत गंभीर बताई रही है। वहीं लोगों ने आरोपी चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। शुक्रवार को शिर्डी साई स्कूल में पढ़ने वाली शानवी पुत्री मनोज भंडोला, ऋषिका रस्तोगी पुत्री विकास रस्तोगी, इशिका सुनेजा पुत्री प्रेम प्रकाश सुनेजा, परी बंसल पुत्री मनोज बंसल, अदिती अग्रवाल और पर्ल टंडन गोल्डन गेट स्कूल के गेट के पास खड़ी थी। उसी दौरान एक बेकाबू कर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने कर सवार को पकड़ लिया। सूचना पाकर रामगंगा विहार चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आननफानन में सभी छात्राओं को कांठ रोड स्थिर विवेकानंद अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी का उपचार चल रहा है। दो छात्राओं की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना सिविल लाइंस प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, घायल छात्रा शानवी के पिता मनोज ने बताया कि आज वह अपनी बेटी शानवी का एडमिट कार्ड शिर्डी साई पब्लिक स्कूल से दिलवाकर स्कूल के द्वारा रामगंगा विहार के गोल्डन गेट स्कूल के पास कराई जा रही खेल एक्टिविटी में शामिल होने के लिए गेट के पास छोड़ कर चले गए थे। कुछ देर बाद ही तेज रफ्तार कार ने छात्राओं को टक्कर मार दी।

## रामगंगा पुल बंद होने से लोग परेशान, कम नहीं हो रही दुश्वारी...गूगल पर बंद कराया रामगंगा पुल का रास्ता

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- रामगंगा पुल पर प्रशासन ने तीन दिन पहले आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया। लेकिन, पुल पर आवागमन बंद करने के साथ जिला प्रशासन वहां से गुजरने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं कर पाया। पुल पर आवागमन के बंद होने से फैली अव्यवस्था से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो रहे हैं। उनका कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए महानगर में दो अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए अस्थायी बस स्टैंड पर भी समस्याओं का बोलबाला है। यात्रियों को ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा ठगा जा रहा है। तो चोर भी लोगों की जेब पर हाथ साफ कर रहे हैं। मंजिल तक पहुंचने के लिए ग्रामीण जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार कर रहे हैं लेकिन, कोई इसे देखने वाला नहीं है। गुरुवार को रामगंगा पुल पर वाहनों की आवाजाही बंद होने से लोगों अपने कार्यस्थल, प्रतिष्ठान व स्कूल जाने वाले बच्चों को पैदल चलकर लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। पुल से आने वाले लोगों को उनके मुकाम तक छोड़ने के लिए पुल के दोनों ओर से ऑटो रिक्शा की लंबी लाइन नजर आई। दिन में 12 बजे पुल पर इधर से उधर जाने वाले लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। जिसमें कोई अपने बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने के लिए गोद में उठाए था। तो कोई अपनी बूढ़ी मां को दवा दिलाने के लिए पुल पार करा रहा था। ऐसे ही भैंसिया गांव के रहने फहीमउद्दीन अपनी गर्भवती पत्नी रिहाना को डॉक्टर को दिखाने के लिए जा रहे थे। पुल पर काफी लंबा सफर तय करने में रिहाना की हालत खराब हो गई। फहीम ने पत्नी को पुल के बीच में ही बैठा दिया। जिससे उसे थोड़ी राहत मिली जिसके बाद वह आगे बढ़ी। वहीं नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं पैदल आती नजर आईं। उन्होंने बताया कि पुल तक आने के लिए ऑटो रिक्शा चालक प्रत्येक सवारी के 50 से 60 रुपये वसूल रहे हैं। अब पुल पैदल पार कर दोबारा घर तक जाने के लिए उतने ही रुपये देने पड़ेंगे। रामपुर दोराहे से आ रहा हूं मेरा ऑटो पार्ट्स का कारोबार है। दिन में कारोबार के सिलसिले में महानगर के चार से पांच चक्कर लगते हैं। लेकिन, अब एक चक्कर में हालत खराब हो जाती है। तीन दिन में कारोबार काफी प्रभावित हुआ है। अभी तो दो महीने के लिए पुल पर आवागमन बंद है- विवेक भारती, रामपुर दोराहा निवासी। मोटर मैकेनिक का काम है दिन में 500 से 600 रुपये कमाते हैं। लेकिन, अब सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने और घर छोड़ने में काफी दिक्कतें सामने आ रही है। ऐसे में पुल के अलावा घर तक जाने का केवल यही रास्ता है। जिसे पार करने में आधा से एक घंटा लगता है-लाखन प्रजापति, गांव गोट निवासी। गूगल पर बंद कराया रामगंगा पुल का रास्ता- रामगंगा पुल को मरम्मत के लिए बंद कराए जाने के बाद यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने में जुटी पुलिस ने गूगल के जीपीएस से फिलहाल रामगंगा पुल का रास्ता बंद करा दिया है। ताकि बाहर से आने वाले वाहन चालकों को सही जानकारी मिल सकेगी और यातायात भी बाधित नहीं होगा। दरअसल, तीन फरवरी से रामगंगा पुल पर यातायात बंद है। महानगर को रामपुर दौराहे से जोड़ने वाले अहम पुल के बंद होने से महानगर के अंदर वाहनों का दबाव बढ़ गया है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत पंचायत भवन सभागार में जनपद स्तरीय आशा सम्मेलन सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- पंचायत भवन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जनपद स्तरीय आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा डा0 शैफाली सिंह ने सभी आशा बहुओं का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं को मातृ शक्ति कहा जाता है तो हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि अपने पद का उपयोग पूरी नैतिकता के साथ करें। आपका पद बहुत महत्वपूर्ण है, आपके कार्य के हिसाब से आपको जो भी मानदेय अथवा प्रोत्साहन राशि मिल रही है वह कम है, आप अपनी नैतिक जिम्मेदारी को पहचानते हुए कार्य करें और आगे बढ़कर देश का नाम उज्जवल करें। सदस्य विधान परिषद श्री गोपाल अंजान ने कहा कि सभी आशाएं स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ बनकर कार्य कर रहीं है जो बहुत ही सराहनीय है। स्वास्थ्य कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता आपके जोश को दर्शाती है। आप सामाजिक कार्यकर्ता के रुप में पूरे तन-मन-धन से कार्य कर रही हैं, जिन आशाओं को सम्मानित किया जा रहा है, अन्य आशाएं भी उनसे प्रेरणा लें और देश के विकास में अपना योगदान दें। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कुलदीप सिंह ने कहा कि आशा के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग संभव है, आपके द्वारा ही हमें आपके क्षेत्र की पूर्ण जानकारी मिलती है, आप इसी ऊर्जा को बनाये रखें, समाज एवं देश के विकास में गति लाते रहें। इस अवसर पर डीपीसी डा0 मो0 जावेद ने टीबी रोग कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए टीबी उन्मूलन की शपथ दिलाई। डा0 पीताम्बर सिंह ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। डा0 सगीर ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करने के साथ ही 10 फरवरी 2025 को एल्बेंडाजोल की टेवलेट खिलाइ जाने के कार्यक्रम में आशाओं से अपना सहयोग प्रदान करने की अपील की। डा0 गीतिका ने परिवार नियोजन के संबंध में तथा डा0 मो0 आरिफ ने क्वालिटी कंट्रोल कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि टीकाकरण केन्द्रों पर साफ-सुथरे माहौल में टीकाकरण संपन्न कराएं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। प्रथम



स्थान वाली आशाओं को 5000/- , द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली आशाओं को 2000/- एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली आशाओं को 1000/- रुपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इस अवसर पर ए0सी0एम0ओ0 डा0 भरत भूषण, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजीव बेलवाल, डीपीएम डा0 रघुवीर सिंह, रीजनल मैनेजर शमशेर आलम सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं आशा बहुएं उपस्थित रहीं। मुख्य कोषाधिकारी मुरादाबाद ने कोषागार मुरादाबाद से पेंशन प्राप्त करने वाली समस्त पेंशन धारकों को सूचित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में ऐसे सभी पेंशनर जो आयकर की परिधि में आते हों, वे सभी पेंशनर वित्तीय वर्ष 2024-2025 ( कर निर्धारण वर्ष 2025-26 ) में आयकर की कटौती कराने हेतु अपनी सहमति दिनांक 15 फरवरी 2025 तक पैनकार्ड की छायाप्रति सहित डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर कोषागार कार्यालय में उपलब्ध करा दें। अन्यथा की दशा में नयी कर प्रणाली के अन्तर्गत गणना कर स्त्रोत पर आयकर की आगणित धनराशि को आगामी माहों में देय पेंशन से औसत के आधार पर कटौती करते हुए अग्रित कार्यवाही कर ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 101 बड़े बकाएदार दबाए बैठे हैं नगर निगम का 32.23 करोड़ से अधिक का टैक्स

### निगम प्रशासन ने जारी की महानगर के सभी बड़े बकायेदारों की सूची

मुरादाबाद- नगर निगम प्रशासन को शासन से मिले गृहकर व जलकर के टैक्स का लक्ष्य हासिल करने में पसीने छूट रहे हैं। अभी तक आधा लक्ष्य हासिल होने से थक हार कर निगम प्रशासन ने बड़े बकायेदारों की सूची प्रकाशित कर दी है। इस सूची में शामिल 101 बड़े बकायेदारों पर टैक्स का 32.23 करोड़ से अधिक का बकाया है। इन बकायेदार रसूखदारों में रामगंगा विहार के मिडटाउन हॉस्टल एंड बैंक्वेट हाल की रजनी जैन और मानसरोवर पैराडाइज क्लब के ऋषि छाबड़ा सबसे दो प्रमुख बड़े बकायेदार हैं। नगर निगम को शासन से 66.67 करोड़ रुपये का टैक्स वसूली का लक्ष्य मिला है। इसकी वसूली करने में निगम प्रशासन को 10 महीने से अधिक का समय इस वित्तीय वर्ष का बीत गया है लेकिन, अभी लगभग 60 प्रतिशत ही वसूली हो पाई है। ऐसे में 31 मार्च तक वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों के करीब आते ही शासन स्तर पर निदेशालय में बैठे अधिकारी नगर निगम के अधिकारियों की लचर कार्यशैली को कटघरे में खड़ा कर हर हाल में शत प्रतिशत वसूली कराने का निर्देश दे रहे हैं। अब मुश्किल यह है कि फरवरी के बचे 22 दिन और मार्च में करीब 30 करोड़ रुपये की वसूली होने पर संशय देख निगम प्रशासन ने अपने तेवर सख्त कर 101 बड़े बकायेदारों का नाम सार्वजनिक कर दिया है। इन पर टैक्स का कुल 32 करोड़, 23 लाख, 96 हजार 681 रुपये का बकाया है। इनकी सूची को नगर निगम के द्वारा 28 स्थानों पर लगे डिजिटल स्क्रीन पर भी फ्लैश करने का निर्देश अधिकारियों ने दे दिया। जिससे नाम सार्वजनिक होने के बाद शायद बड़े बकायेदार अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए टैक्स की धनराशि जमा कर दें जिससे नगर निगम का खजाना भर जाए और टैक्स वसूली का लक्ष्य हासिल हो जाए। अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार का कहना है कि नगर आयुक्त के निर्देश पर बड़े बकायेदारों की सूची सार्वजनिक कर दी गई है। सूची में शामिल नाम व उनके बकाया को महानगर में नगर निगम की ओर से लगाए गए 28 डिजिटल स्क्रीन पर भी प्रदर्शित कराया जा रहा है। लोगों से अपील है कि वह अपना बकाया टैक्स हर हाल में जल्द जमा कर दें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। 31 मार्च को टैक्स जमा करने की अंतिम तिथि है।







क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# पतंग का माझा बनाने की फैक्ट्री में विस्फोट,तीन की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। थाना किला क्षेत्र के बाकरगंज में पतंग का माझा बनाने की एक फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ।



फैक्ट्री में जोरदार धमाका होने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब फैक्ट्री में माझा बनाने के लिए गंधक, पोटाश और कांच को मिलाया जा रहा था। जिससे फैक्ट्री में काम कर रहे लोगों की जान चली गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और बचाव कार्य शुरू किया गया। हैरानी की बात यह है कि यह फैक्ट्री घनी आबादी के बीच चलाई जा रही थी। इस हादसे में फैक्ट्री मालिक अतिक रजा खां ( 45 ) की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ काम कर रहे कारीगर फैजान ( 25 ) की भी जान चली गई। इस हादसे में घायल हुए सरताज ( 24 ) को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीओ सेकेंड संदीप कुमार ने बताया कि यहां पर पतंग के मांझे का केमिकल बनाया जा रहा था उस समय ब्लास्ट हो गया। जिसमें 3 की मौत हो गई।विस्फोट होने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो जाने की सूचना पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य बरेली द्वारा घटनास्थल का मौका मुआयना कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# के0 सी0 एम0टी0 की एन0एस0एस0 स्वयंसेविका मुस्कान की अद्वितीय उपलब्धि गणतंत्र दिवस परेड में बरेली का गौरव बढ़ाया

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली ।के0सी0एम0टी0 की एन0एस0एस0 स्वयंसेविका मुस्कान ने कर्तव्य पथ, दिल्ली पर आयोजित 76वें गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर बरेली और उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में शामिल होकर उन्होंने कॉलेज और जिले को गर्व का अनुभव कराया। मुस्कान को इस प्रतिष्ठित आयोजन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे केसीएमटी परिवार के लिए गर्व की बात है। मुस्कान ने इस



अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आए स्वयंसेवकों के साथ अनुभव साझा किए और देश की संस्कृति, एकता और अनुशासन को नजदीक से समझने का अवसर प्राप्त किया। मुस्कान ने 30 दिवसीय शिविर के दौरान कठिन परेड अभ्यास किया, विभिन्न संस्कृति कार्यक्रमों में भाग लिया और अन्य राज्यों के स्वयंसेवकों के साथ रहकर उनके रीति-रिवाजों और परंपराओं को जाना। यह अनुभव उनके लिए बेहद प्रेरणादायक और सीखने योग्य रहा। मुस्कान की इस शानदार उपलब्धि को सम्मानित करने के लिए खंडेलवाल कॉलेज में विशेष समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. विनय खंडेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार, प्राचार्य डॉ. आर .के. सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता सक्सेना सहित सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मुस्कान को बधाई एवं आशीर्वाद दिया। मुस्कान की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, समर्पण और अनुशासन से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

# सहायक/कम्प्यूटर ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज जनपद बरेली की समस्त विभाग/तहसील/ब्लाक में आई.जी.आर.एस. पोर्टल संचालन करने वाले पटल सहायक/कम्प्यूटर ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला में समस्त पटल सहायक/




कम्प्यूटर आपरेटरों को निर्देश दिए गए कि आई.जी.आर.एस. के सम्बन्ध में जारी नवीनतम शासनादेश का उचित प्रकार से अध्ययन किया जाये व शासनादेश के अनुरूप ही आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायत का निस्तारण किया जाए। बताया गया कि यदि किसी की प्राइवेट जमीन पर अवैध कब्जा है और उसका न्यायालय में मुकदमा चल रहा है तो इसमें एक टिप्पणी लगाकर डिस्पोजल किया जाये। रिपीट शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया जाये तथा आज दिए जा रहे प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को भली प्रकार सीखने हेतु भी निर्देशित किया गया। कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश द्वारा जानकारी दी गयी कि मुख्य सचिव महोदय द्वारा वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से दिशा निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण में सभी रु। अधिकारी शिकायतकर्ता से अवश्य संपर्क करें तथा मौके के जियो टैग फोटो, गवाहों के नाम व मोबाइल नम्बर सहित उपस्थिति पत्र पर शिकायतकर्ता के हस्ताक्षर सहित निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें। प्रत्येक शिकायत में स्थलीय निरीक्षण किया जाये तथा उसका विवरण आख्या अपलोड करते समय अवश्य भरा जाये। उपर्युक्त बिन्दुओं को समाहित करते हुए संशोधित नवीन मासिक मूल्यांकन व्यवस्था दिनांक 01 फरवरी, 2025 से प्रभावी मानी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मोहित अग्निहोत्री सहित समस्त सम्बंधित उपस्थित रहे।

# नौकरी लगवाने के नाम पर दो युवकों से साढ़े आठ लाख की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। मीरगंज के दो युवकों से आर्मी में नौकरी लगवाने के नाम पर करीब साढ़े आठ लाख रुपए की ठगी कर ली गई है रुपया वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई है पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर एक आर्मी कर्मी सहित दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के मुताबिक मीरगंज थाना क्षेत्र के निवासी शावेज़ खान और शशांक मिश्रा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि वह आर्मी भर्ती की तैयारी कर रहे थे और उन्होंने फार्म भी डाला था। वर्ष 2023 में वह रुड़की में चल रही भर्ती को देखने गए थे। वहां उनसे अंकुर नाम के यूवक से मुलाकात हुई उसने बताया कि उसका रिश्तेदार आर्मी में है जिनकी पहचान आर्मी के बड़े अफसरों से है। वह



तुम लोगों को भर्ती करवा देंगे । एक अभ्यार्थी के बारह लाख रुपए लगेंगे। मै उनसे आप को मिलवा दूंगा। और उनका मोबाइल नंबर दिया जिस पर हम दोनों ने फोन से राजकुमार निवासी श्रद्धापुरी फेस सेकेंड थाना काकरखेड़ा जिला मेरठ से बात हुई तो उन्होंने अपने उक्त पते पर बुलाया और कहा एक अभ्यार्थी के बारह लाख रुपए लगेंगे जिसमे पहले चार लाख रूपये देने होंगे बाकी के आठ लाख ज्वाईन लेटर मिलने पर देने होंगे आरोप है कि जनवरी 23 में अंकुर व राजकुमार उनके घर आए उस समय हमसे दो दो लाख रुपए नगद लिए और बाद में अपने दिए एकाउंट में 380000 हजार रुपए लिए और एकाउंट में मोबाईल नंबर पर पचास हजार रुपए डलवाए कुल मिलाकर आठ लाख तीस हजार रुपए ले लिए उसके बाद फिगर प्रिंट अपने एक व्यक्ति से बड़ौत रेलवे स्टेशन पर पर बुलाकर लिए गए। जिसके बाद दो महीने बाद ज्वाईन लेटर मिल जाने को कहा था। काफी समय बाद भी ज्वाईन लेटर नहीं मिलने पर हम लोग राजकुमार के घर मेरठ पहुंचे तो वहां पर मिले अंकुर व राजकुमार ने कहा हम काफी लोगों को ठग चुके हैं। अगर रुपया वापस मांगा तो जान से मार देंगे ओर धक्के देकर अपने घर से बाहर निकाल दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले का संज्ञान लेते हुए उक्त दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश स्थानीय थाना पुलिस को दिए। जिस पर थाना पुलिस ने उक्त दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### कमीशनिंग कार्य कर ईवीएम मशीनों को मतदान हेतु किया गया तैयार

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग कार्य कर, मतदान हेतु तैयार किया गया। इस दौरान राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रणव सिंह



ने कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। मशीनों की कमिशनिंग का कार्य संबंधित आरओ, एआरओ, अभ्यर्थी एवं अभिकर्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक द्वारा स्ट्रांग रूम व मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया और उन्होंने निर्वाचन से संबंधित आगामी कार्यक्रमों के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### ग्राम कंदरई में फुटबॉल प्रतियोगिता दौरान छात्राओं को निक्षय निरामय अभियान एवं सामूहिक दवा सेवन गतिविधि के बारे में दी गई जानकारी

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-कलेक्टर श्री एस0 जयवर्धन के निर्देशन में 100 दिवत्तीय निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत ग्राम कंदरई में अखिल भारतीय स्तरीय नांक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान ग्राम के सभी स्कूली छात्राओं के द्वारा निक्षय निरामय अभियान एवं




सामूहिक दवा सेवन गतिविधि ( एमडीए ) की जागरूकता हेतु टी-शर्ट एवं टोपी के साथ पूरे मैदान में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया। साथ में जन समुदाय को पाम्पलेट, पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया है. जिसमें भारी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 जे0एस0आक तरूता जिला क्षय अधिकारी, डॉ0 प्रिंस जायसवाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन0एच0एम0, फुटबाल प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष श्री नरसिंह नारायण, वरिष्ठ रेफरी श्री राम बहादुर लाम्बा, डॉ0 अमित मगत खण्ड चिकित्सा अधिकारी, डॉ0 प्रेम प्रकाश खलखो प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्रा0स्वा0केन्द्र कंदरई, डॉ0 गौरव सकता एवं विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारियों उपस्थित रहे।

### शत प्रतिशत मतदान हेतु निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- नगर पालिका सूरजपुर क्षेत्र अन्तर्गत शत प्रतिशत मतदाता जागरूकता अभियान रैली महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पंच मंदिर वार्ड कब्रिस्तानपारा से प्रारम्भ कर अग्रसेन




भवन से होते हुए गोपालपुर तक रैली निकाल कर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला संरक्षण अधिकारी ,पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका एवं सखी वन स्टाप क सेंटर के टीम मतदाता जागरूकता रैली में उपस्थित रहें।

### शिव-परिवार की स्थापना हुई,नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली ।रिठौरा।नगर के मोहल्ला नयी बस्ती में नवनिर्मित मंदिर परिसर में शुक्रवार को भगवान शिव -पार्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना पूर्ण विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकालकर की गई।इस पुनीत कार्य में निर्मान सिंह, बुद्धसेन, हरजीत सिंह सिद्धार्थ, खुशी, सहित भारी संख्या में श्रृद्धालु मौजूद रहे।



# मिल्कीपुर उपचुनाव: सुबह पांच बजे से शुरू होगी मतगणना प्रक्रिया, 14 टेबलों पर होगी गिनती, दोपहर तक आएगा परिणाम

मिल्कीपुर सीट पर हुए उपचुनाव में वोटों की गिनती शनिवार को होगी। मतगणना की प्रक्रिया सुबह पांच बजे से शुरू हो जाएगी। राजकीय इंटर कॉलेज में यह गणना होगी। मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए शनिवार सुबह पांच बजे मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। राजकीय इंटर कॉलेज में वोटों की गिनती के लिए पंडाल बनाकर 14 टेबल सज गई हैं। इन टेबलों पर मतगणना करने वाले 76 कार्मिकों को अंतिम प्रशिक्षण भी दे दिया गया है। इस दौरान आरओ और एआरओ के साथ हर टेबल पर माइक्रो ऑब्जर्वर निगरानी करेंगे।जिला प्रशासन ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना की



सभी तैयारियों को शुक्रवार को अंतिम रूप दे दिया। मतगणना स्थल जीआईसी में सुरक्षा के कड़े प्रबंध प्रभावी किए गए हैं। मुख्य द्वार पर ही बैरिकेडिंग लगा दी गई है। यहां से सिर्फ पास धारकों को ही प्रवेश मिल सकेगा। परिसर में मतगणना टेबलों के पंडाल के अलावा आरओ, एआरओ, मेडिकल कैंप और मीडिया के साथ प्रशासन व पुलिस के अफसरों के बैठने के लिए भी पंडाल बनाए गए हैं। समूचे परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। बड़ी स्क्रीन की एलईडी लगाई गई है। इस पर विभिन्न सीसीटीवी कैमरों के फुटेज प्रसारित होते रहेंगे।मुख्य विकास अधिकारी/मतगणना कार्मिक प्रभारी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई है। इसके अलावा दो टेबल आरओ वा एआरओ व तीन रिजर्व टेबल होंगी। हर टेबल पर चार कार्मिकों की तैनाती रहेगी। इनमें एक काउंटिंग सुपरवाइजर, एक काउंटिंग असिस्टेंट, एक माइक्रो ऑब्जर्वर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। मतगणना की प्रक्रिया सुबह पांच बजे तीसरे रेंडमाइजेशन के साथ शुरू हो जाएगी। सभी मतगणना कार्मिक सुबह छह बजे पहुंच जाएंगे। आठ बजे से वोटों की गिनती का काम शुरू होगा। चक्र वार परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसके पहले शुक्रवार को सुबह 11 से एक बजे तक मतगणना कार्मिकों की 19 टीमों को विकास भवन के सभागार में अंतिम प्रशिक्षण दिया गया।

हर टीम में चार के हिसाब से 76 कार्मिक मौजूद रहे। इस दौरान कोई भी कार्मिक अनुपस्थित नहीं रहा। इनके अलावा एक पोस्टल बैलेट गणना टीम और एक ईपीपीबीएस टीम के सदस्य भी प्रशिक्षण में शामिल हुए। सीडीओ के साथ डीडीओ महेंद्र देव और पीडी गिरीश पाठक की मौजूदगी में छह मास्टर ट्रेनरों ने सभी कार्मिकों को प्रशिक्षित किया। इन्हें बताया गया कि ईवीएम को वोटों की गिनती के लिए किस तरह संचालित करना है। कोई समस्या आती है तो उसके निदान की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। इस बीच शाम को डीएम चंद्र विजय सिंह और एसएसपी राजकरण नय्यर ने मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप से परखा। दिल्ली से कम नहीं यहां के नतीजे जानने की उत्सुकता-इन सबके बीच अब फैसले की घड़ी आ गई है। शनिवार को सुबह मतगणना शुरू होने के साथ रूझान आने लगेंगे। फिर इसके बाद दोपहर तक पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। वैसे तो दिल्ली के भी चुनाव नतीजे आठ फरवरी को ही आएंगे लेकिन वहां से कम उत्सुकता यहां के परिणाम को जानने के लिए नहीं होगी। इसके लिए बस अब कुछ घंटों का ही इंतजार करना है। इसके बाद सब कुछ सामने होगा।

## अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार बर्मा की अगुवाई मे मार्च

क्यूँ न लिखूँ सच

